भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या - 1352**
दिनांक 30.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

**तमिलनाडु के मछुआरों की गिरफ्तारी**

**1352 श्री प्रवीण चक्रवर्ती:**
क्या ***विदेश*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) वर्ष 2023 से श्रीलंकाई प्राधिकारियों द्वारा राज्य-वार गिरफ्तार किए गए भारतीय मछुआरों की संख्या कितनी है तथा वर्ष-वार जब्त की गयी मछली पकड़ने वाली नौकाओं की संख्या कितनी है;
(ख) वर्तमान में श्रीलंका की हिरासत में मछुआरों और नौकाओं की संख्या कितनी है तथा इस अवधि के दौरान श्रीलंका के न्यायालयों द्वारा जब्त या निर्स्तारित की गई नौकाओं की संख्या कितनी है;
(ग) मत्स्य पालन पर भारत-श्रीलंका संयुक्त कार्य समूह की 2023 से अब तक हुई बैठकों की तिथियां और परिणाम क्या हैं तथा बार-बार होने वाली गिरफ्तारियों को रोकने के लिए कौन-कौन से विशिष्ट तंत्र पर सहमति हुई है; और
(घ) केंद्र सरकार द्वारा हिरासत में लिए गए मछुआरों के परिवारों तथा वापस न लौटाई गई नौकाओं के मालिकों को दी गई मुआवजा राशि या आजीविका सहायता कितनी है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
**(**श्री कीर्तवर्धन सिंह **)**

(क) श्री लंका के प्राधिकारियों द्वारा समय-समय पर भारतीय मछुआरों को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा (आईएमबीएल) पार करने और श्रीलंकाई समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया जाता है। श्रीलंकाई प्राधिकारियों द्वारा वर्ष 2023 से हिरासत में लिए गए मछुआरों की राज्यवार जानकारी नीचे दी गई है:

| वर्ष | गिरफ्तार किए गए भारतीय मछुआरों की कुल संख्या | तमिलनाडु के मछुआरों की संख्या | पुद्दुचेरी के मछुआरों की संख्या | केरल के मछुआरों की संख्या | ओडिशा के मछुआरों की संख्या | लक्षद्वीप के मछुआरों की संख्या | आंध्र प्रदेश के मछुआरों की संख्या | पश्चिम बंगाल के मछुआरों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2026 *** | 146 | 119 | 27 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| **2025** | 360 | 317 | 31 | 02 | 01 | 04 | 04 | 01 |
| **2024** | 560 | 526 | 29 | 01 | 02 | शून्य | 02 | शून्य |
| **2023** | 240 | 220 | 20 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

** 23 जुलाई 2026 तक*

श्रीलंकाई प्राधिकारियों द्वारा 2023 से ज़ब्त की गई मछली पकड़ने वाली भारतीय नौकाओं की संख्या नीचे दी गई है:

| वर्ष | जब्त की गई नौकाओं की कुल संख्या | तमिलनाडु से संबंधित नौकाओं की संख्या | पुद्दुचेरी से संबंधित नौकाओं की संख्या | लक्षद्वीप से संबंधित नौकाओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| **2026*** | 21 | 17 | 04 | शून्य |
| **2025** | 48 | 43 | 04 | 01 |
| **2024** | 75 | 72 | 03 | शून्य |
| **2023** | 35 | 33 | 02 | शून्य |

**23 जुलाई 2026 तक*

(ख) वर्ष 2023 से श्रीलंका की हिरासत में मौजूद भारतीय मछुआरों की संख्या और ज़ब्त की गई, रिहा की गई और अभी हिरासत में मौजूद नौकाओं की संख्या नीचे दी गई है:

| वर्ष | हिरासत में लिए गए मछुआरों की संख्या | ज़ब्त की गई नौकाओं की संख्या | रिहा की गई नौकाओं की संख्या | हिरासत में ली गई नौकाओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| **2026*** | 23 | 21 | 00 | 21 |
| **2025** | 2 | 48 | 04 | 44 |
| **2024** | 5 | 75 | 00 | 75 |
| **2023** | शून्य | 35 | 04 | 31 |

**23 जुलाई 2026 तक*

(ग एवं घ) भारत सरकार भारतीय मछुआरों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। सरकार इन मुद्दों को लगातार श्रीलंका सरकार के साथ द्विपक्षीय माध्यमों, राजनयिक चैनलों और विभिन्न आधिकारिक वार्ताओं द्वारा उठा रही हैं, जिसमें भारतीय मछुआरों और उनकी नौकाओं की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी शामिल है। हमारी सभी वार्ताओं में, यह अवगत कराया गया है कि इस मुद्दे पर पूरी तरह से मानवीय और आजीविका के आधार पर विचार किया जाना चाहिए।

मछुआरों से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मत्स्य पालन संबंधी द्विपक्षीय संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठकें, जिसमें तमिलनाडु सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं, आयोजित की जाती हैं। अब तक मत्स्य पालन संबंधी संयुक्त कार्य समूह की छह बैठकें हो चुकी हैं, जिनमें से पिछली बैठक 29 अक्टूबर 2024 को हुई थी। संयुक्त कार्य समूह ने मछुआरों और उनकी नौकाओं से संबंधित चिंताओं सहित मत्स्य पालन संबंधी सभी प्रासंगिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और इस पर सहमति व्यक्त की कि मछुआरों के समक्ष आने वाले विभिन्न मुद्दों का समाधान मानवीय दृष्टिकोण से करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

*****